ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

हिंदी विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम मध्य प्रदेश रवाना
कुलपति ने दी शुभकामनाएं

वर्धा, 12 नवंबर 2026: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम आगामी वेस्ट ज़ोन अंतर-विश्वविद्यालयीन पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगी। 13 से 18 नवंबर तक मध्य प्रदेश के सागर स्थित डॉ. हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय में प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली 12 सदस्यीय पुरुष टीम का चयन किया गया है।



टीम में फ्रेंच विभाग के सूरज (कप्तान) और विधि विभाग के अनुज कुमार (उपकप्तान) के साथ विकास पाल (विधि विभाग), किशोर कुमार मेघवाल (शिक्षा विभाग), ईश्वर कुमार (इतिहास विभाग), सोनू कुमार (फ्रेंच विभाग), विनोद कुमार (विधि विभाग), भैरू (राजनीति विज्ञान विभाग), प्रकाश (राजनीति विज्ञान विभाग), संत कुमार (विधि विभाग), आशीष राज (फ्रेंच विभाग) और सौरभ यादव (भाषा-प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग) शामिल हैं। चयन होने पर खिलाड़ियों में खासा उत्साह नजर आया और सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन का भरोसा दिलाया।

टीम के साथ प्रबंधक के रूप में विधि विभाग के अंशकालिक सहायक प्रोफेसर डॉ. वैभव सिंह यादव गए हैं। कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। हमारे खिलाड़ी छात्र उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे।

कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र गादेवार, शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष प्रो. फरहद मलिक तथा वित्त अधिकारी क़ादर नवाज़ ख़ान ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा समिति के पदेन खेल सचिव सह-आचार्य डॉ. निशीथ राय ने बताया कि विश्वविद्यालय में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें प्रतिभाग करना विद्यार्थियों के लिए बड़े स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर है, और विश्वविद्यालय प्रशासन आगे भी अन्य खेलों में विद्यार्थियों को ऐसा राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगा।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मराठी :

हिंदी विश्वविद्यालयाचा पुरुष कबड्डी संघ मध्य प्रदेशकडे रवाना

खेळाडूंना कुलगुरूंनी दिल्या शुभेच्छा

वर्धा, दि. १२ नोव्हेंबर २०२६ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचा पुरुष कबड्डी संघ आगामी पश्चिम विभागीय आंतरविश्वविद्यालयीन पुरुष कबड्डी स्पर्धेत सहभागी होण्यासाठी मध्य प्रदेशकडे रवाना झाला आहे. ही स्पर्धा १३ ते १८ नोव्हेंबर २०२६ या कालावधीत मध्य प्रदेशातील सागर येथील डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालयात आयोजित करण्यात आली आहे.

या स्पर्धेसाठी विश्वविद्यालयाचे प्रतिनिधित्व करणाऱ्या १२ सदस्यीय पुरुष कबड्डी संघाची निवड करण्यात आली आहे. या संघात फ्रेंच विभागातील सूरज (कर्णधार), विधी विभागातील अनुज कुमार (उपकर्णधार), विकास पाल (विधी विभाग), किशोर कुमार मेघवाल (शिक्षण विभाग), ईश्वर कुमार (इतिहास विभाग), सोनू कुमार (फ्रेंच विभाग), विनोद कुमार (विधी विभाग), भैरू (राज्यशास्त्र विभाग), प्रकाश (राज्यशास्त्र विभाग), संत कुमार (विधी विभाग), आशीष राज (फ्रेंच विभाग) आणि सौरभ यादव (भाषा-तंत्रज्ञान व भाषा अभियांत्रिकी विभाग) यांचा समावेश आहे. संघात निवड झाल्यामुळे खेळाडूंमध्ये विशेष उत्साह दिसून आला. स्पर्धेत उत्कृष्ट कामगिरी करण्याचा विश्वास सर्व खेळाडूंनी व्यक्त केला आहे. या संघासोबत व्यवस्थापक म्हणून विधी विभागाचे अंशकालीन सहाय्यक प्राध्यापक डॉ. वैभव सिंह यादव रवाना झाले आहेत.

कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनी संघाला शुभेच्छा दिल्या. खेळांमुळे विद्यार्थ्यांमध्ये शिस्त, एकाग्रता आणि सकारात्मक ऊर्जेचा विकास होतो. विद्यापीठाचे खेळाडू उत्कृष्ट क्रीडाभावनेचे दर्शन घडवून विद्यापीठाचा नावलौकिक वाढवतील, असा विश्वास त्यांनी व्यक्त केला.

कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र गादेवार, शारीरिक शिक्षण व क्रीडा समितीचे अध्यक्ष प्रो. फरहद मलिक तसेच वित्त अधिकारी कादर नवाज खान यांनीही खेळाडूंना शुभेच्छा दिल्या.

शारीरिक शिक्षण व क्रीडा समितीचे पदसिद्ध क्रीडा सचिव तथा सहयोगी प्राध्यापक डॉ. निशीथ राय यांनी सांगितले की, विश्वविद्यालयात क्रीडा संस्कृतीला प्रोत्साहन देण्याच्या दृष्टीने हा एक महत्त्वपूर्ण उपक्रम आहे. या स्पर्धेत सहभागी होणे म्हणजे विद्यार्थ्यांना मोठ्या स्तरावर आपली क्रीडा प्रतिभा सादर करण्याची संधी आहे. भविष्यातही विविध खेळांमध्ये विद्यार्थ्यांना राष्ट्रीय स्तरावरील व्यासपीठ उपलब्ध करून देण्यासाठी विद्यापीठ प्रशासन पूर्णपणे कटिबद्ध आहे.

नमस्कार! मा. संपादक/संवाददाता

महोदय, कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करने का कष्ट करें।

सादर धन्यवाद।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305